# सीमित वारंटी

आपके Spectacles और एक्सेसरीज़ (प्रत्येक, एक "उत्पाद"), पर सीमित वारंटी होती है, जिसके तहत ऑनलाइन या फ़ोन पर तकनीकी सहायता दी जाती है।

**यह वारंटी कौन देता है?**

हमसे या किसी अधिकृत विक्रेता से वारंटी वाला नया उत्पाद ख़रीदने पर Snap Inc. आपको यह वारंटी देती है। उत्पाद के पहले खरीदार के अलावा किसी और खरीदार या इस्तेमाल करने वाले को यह वारंटी नियत या हस्तांतरित नहीं की जा सकती। यह वारंटी ऐसे उत्पादों पर भी नहीं दी जाती जो हमारे या किसी अधिकृत विक्रेता के अलावा अन्य किसी स्रोत से ख़रीदे गए हैं।

**यह वारंटी किस प्रकार उपयोगी है?**

यह वारंटी आपको विशेष कानूनी अधिकार देती है, और आपको अन्य अधिकार भी मिल सकते हैं, जो राज्य और देश के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं। उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री के संबंध में आपका कोई कानूनी अधिकार इस वारंटी से प्रभावित नहीं होता (जिसमें, बिना किसी सीमा के, ईसी निर्देश 1999/44/ईसी को लागू करते राष्ट्रीय कानून शामिल हैं)।

**इस वारंटी में क्या कवर होता है?**

यह वारंटी आपके उत्पाद में इस्तेमाल की गई ख़राब सामग्री या कारीगरी को कवर करती है। हम वारंटी देते हैं कि वारंटी के दौरान हार्डवेयर में, निर्माण के दौरान होने वाली कोई कमी नहीं रहेगी। साथ ही, यह सामान्य एवं तय उपयोग होने पर, काफी हद तक हमारे तकनीकी ब्यौरों या उत्पाद के दस्तावेज़ों ("कार्यक्षमता की वारंटी") के अनुसार कार्य करेगा।

**यह वारंटी कब तक रहेगी?**

यह सीमित वारंटी, पहली बार उत्पाद खरीदने की तारीख से इस समय तक लागू होगी:

| | |
|---|---|
| Spectacles | 1 वर्ष |
| चार्जिंग केस | 1 वर्ष |
| चार्जिंग केबल | 1 वर्ष |
| कैरिंग केस | 90 दिन |
| 3D व्यूअर | 90 दिन |

**हम क्या करेंगे?**

उत्पाद के दोषपूर्ण या ख़राब होने पर, हम उसे बदल देंगे या फिर नई या ठीक की गई सामग्री का इस्तेमाल करके उसकी मरम्मत करेंगे, ताकि वह काफी हद तक कामकाज की वारंटी के अनुसार काम करे। हम अपने एकमात्र विवेकाधिकार पर उसे बदल सकते हैं या उसकी मरम्मत कर सकते हैं। हम आपको वारंटी देते हैं कि अगर आपका उत्पाद बदला जाता है, तो उसकी जगह मिलने वाले उत्पाद में मूल वारंटी की बाकी अवधि या बदले में उत्पाद मिलने की तारीख से 60 दिन तक, जो भी बाद में हो, खराब सामग्री या कारीगरी की कोई शिकायत नहीं आएगी।

**वारंटी सेवा कैसे मिलेगी?**

पहले हमें समस्या की जानकारी दें। अपने उत्पाद की वारंटी अवधि के दौरान वारंटी सेवा का अनुरोध करने के लिए कृपया support.spectacles.com पर जाएं। वारंटी सेवा देने से पहले, हम आपसे रसीद या बिक्री का बिल जैसा खरीदारी का सबूत मांग सकते हैं। यदि आपके उत्पाद की मरम्मत किए जाने या उसे बदले जाने की ज़रूरत हो, तो आपको हमारे शिपिंग निर्देशों के अनुसार उसे हमारे पास लौटाना होगा। उत्पाद मिलने पर, हम तय करेंगे की उसमें वारंटी में कवर होने वाला कोई दोष या ख़राबी है या नहीं। यदि ऐसा हुआ, तो कामकाज की वारंटी देने के लिए हम उसकी मरम्मत करेंगे या उसे बदल देंगे और अपने खर्च पर मरम्मत किया या बदला हुआ उत्पाद आपको भेज देंगे। यदि आप Spectacles वापस लौटा रहे हैं, तो हम इस बात की गारंटी नहीं दे सकते हैं कि वीडियो सामग्री को कोई ख़तरा नहीं होगा या उसे कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा, और हम लौटाए गए पेयर में से किसी भी सामग्री को बदले में दिए जाने वाले पेयर में नहीं डालेंगे। अपने Spectacles लौटाते समय आपको ऐसी किसी भी सामग्री को निकाल कर अलग से उसका संग्रह करना चाहिए।

**इस वारंटी में क्या शामिल नहीं है?**
यह वारंटी दुर्घटना, या सामान्य टूट-फूट से होने वाले नुकसान को कवर नहीं करती है। इस वारंटी में अनुचित संग्रह, दुरूपयोग या कुप्रयोग, खरोंच, दरार, या सतह को नुकसान पहुँचने सहित लापरवाही, या अत्यंत गर्मी, गंदगी, या रेत सहित चरम परिस्थितियों के संपर्क से होने वाला नुकसान शामिल नहीं किया गया है। "दुरूपयोग" में, बिना सीमा के, ऐसे तरीके से या ऐसे वातावरण में उपयोग किया जाना शामिल है जो इस दस्तावेज़, हमारे ऑनलाइन यूज़र मैन्युअल, या अन्य संबंधित दस्तावेज़ों में दिए गए सुझावों के अनुरूप न होते हों।

जब तक कि मूल सामग्रियों या कारीगरी में दोष के कारण ऐसा न हो, तब तक यह वारंटी उपभोग के हिस्सों, जैसे बैटरी के सामान्य रूप से कम होने को कवर नहीं करती। एक उदाहरण के तौर पर, वारंटी अवधि के दौरान, केवल वे बैटरियाँ जो पूर्ण रूप से चार्ज होने पर भी 80% से कम चार्ज दिखाती हों, या जो लीक करती हों उन्हें ही वारंटी के उद्देश्य के लिए दोषपूर्ण माना जाएगा। इस वारंटी में उन उत्पादों को कवर नहीं किया गया है जिनमें भौतिक या इलेक्ट्रॉनिक रूप से छेड़छाड़ की गई हो, बदलाव किया गया हो, अनधिकृत मरम्मत की गई हो, या जिनमें थर्ड-पार्टी सॉफ्टवेयर के बदलाव दिखते हों। इस वारंटी में Spectacles में डाले गए या इसके साथ वितरित सॉफ्टवेयर या फर्मवेयर कवर नहीं किए गए हैं, और हम वारंटी नहीं देते हैं कि ऐसा सॉफ्टवेयर या फर्मवेयर बिना त्रुटि के काम करेगा, कि वह थर्ड-पार्टी हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर के साथ संगत होगा, या कि आपके Spectacles के जरिए खींची गई या वितरित सामग्री गुम नहीं होगी या खराब नहीं होगी।

## देयता की सीमा

इस सीमित वारंटी के तहत, हम लाभ या राजस्व में हानि, डेटा की हानि, उत्पाद या किसी भी संबंधित उपकरण के उपयोग की हानि, बदले के सामान या एवजी उपकरण की लागत, या उत्पाद को बदले जाने या मरम्मत की अवधि के दौरान उपयोग की हानि और ऐसी ही अन्य चीज़ों सहित, लेकिन इतने तक सीमित नहीं, किसी भी प्रकार के किसी भी विशेष, परोक्ष, आकस्मिक, एकाधिक, दंडात्मक, या परिणामी नुकसान के लिए किसी भी देयता पर विचार नहीं करते हैं। ऊपर बताई जानकारी की व्यापकता को सीमित किए बिना, उत्पाद बदलने की स्थिति में, हम किसी भी संबंधित डेटा की हानि या किसी भी प्रकार के परिणामी नुकसान के लिए देयता नहीं रखते हैं।

इसके आगे, कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक, हम उत्पादों के दुरूपयोग से संबंधित या परिणामस्वरूप किसी भी दुर्घटना, चोट, मृत्यु, हानि, या अन्य किसी भी दावे की देयता स्वीकार नहीं करते हैं। हम विशेष रूप से आपको उत्पादों का उपयोग ऐसे किसी भी तरीके से नहीं करने का सुझाव देते हैं जो इस दस्तावेज़, हमारी चेतावनियों, हमारे अनुपालन पृष्ठ, और अन्य संलग्न दस्तावेज़ों के अनुरूप न हो। किसी भी परिस्थिति में इस वारंटी कथन से उत्पन्न या संबंधित किसी भी दावे के लिए हमारी देयता आपके द्वारा उत्पाद खरीदने के लिए चुकाई गई कीमत से अधिक नहीं होगी।

कुछ राज्य और देश आकस्मिक या परिणामी नुकसान को बाहर रखने या उसे सीमित रखने की अनुमति नहीं देते हैं, इसलिए संभवतः इस वारंटी की सीमाएं या अपवाद आपके ऊपर लागू नहीं होते हों। ऊपर दिए अस्वीकरण और देयता की सीमाएं लागू स्थानीय या राष्ट्रीय कानून के तहत आपके अधिकार सीमित नहीं करती हैं, और उस सीमा तक लागू नहीं होती हैं जहां बिना सीमा लागू उत्पाद देयता और उपभोक्ता संरक्षण कानून सहित लागू कानून के तहत देयता को अस्वीकृत नहीं किया जाता हो। इसमें शामिल कोई भी शब्द यदि लागू कानून के तहत अवैध या अप्रवर्तनीय ठहराया जाता हो, तो उस शब्द को इस वारंटी में से हटा दिया जाएगा और जहां तक कानूनी तौर पर अनुमत हो, शेष शब्द प्रभावित नहीं होंगे।

**सीमित वारंटी के तहत अयोग्य उत्पाद**
30 दिन या उससे अधिक के बाद यदि आप अपनी खरीदारी से असंतुष्ट हैं और आपकी वस्तु पर हमारी वारंटी लागू नहीं होती है, तो हम उत्पाद की वापसी या उसका विनिमय नहीं करेंगे। कृपया तब भी हम से संपर्क करें। हम जानना चाहेंगे कि क्या हुआ, और हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि आपका अनुभव हमेशा ऊंचे दर्जे का हो।